Bharat Temples

सांवरे सलोने मुझे,
तेरा ही सहारा,
तेरे नाम से ही बाबा,
मेरी पहचान हो गई।।

तर्ज सांवली सलोनी तेरी झील।

जबसे तुमसे प्रेम हुआ है,
तुझमें मगन रहती हूँ,
दुनिया वाले कुछ भी समझे,
तुमसे ये कहती हूँ,
काँधे पे तेरे केश काले काले,
वीर कहलाये तीन तीर वाले,
भूलूंगी नहीं ये एहसान तुम्हारा,
मेरी हर एक साँसें,
अब तेरे नाम हो गई,
साँवरे सलोने मुझे,
तेरा ही सहारा,
तेरे नाम से ही बाबा,
मेरी पहचान हो गई।।

जब भी कोई संकट आया,
तेरा नाम लिया है,
तूने भी पलभर में बाबा,
मुझको थाम लिया है,

जो मैंने चाहा तुमने दिया है,
एहसान मुझपे तुमने किया है,
तूने थामी मेरी कलाई,
सारी मुश्किलें तबसे,
मेरी आसान हो गई,
साँवरे सलोने मुझे,
तेरा ही सहारा,
तेरे नाम से ही बाबा,
मेरी पहचान हो गई।।

श्याम सांवरे हारे वाले,
सूरत तेरी सुहानी,
मोरछड़ी और सुवड निशानी,
संग घोड़ा आसमानी,
दर पे खड़ी है तेरी दीवानी,
सुनले सांवरे अर्ज़ी हमारी,
हो गई सोमा तेरी दीवानी,
खुशियों से माधव की,
अब सुबह शाम हो गई,
साँवरे सलोने मुझे,
तेरा ही सहारा,
तेरे नाम से ही बाबा,
मेरी पहचान हो गई।।

सांवरे सलोने मुझे,
तेरा ही सहारा,
तेरे नाम से ही बाबा,
मेरी पहचान हो गई।।

Singer Sumita Srivastava

Source:
https://www.bharattemples.com/sanware-salone-mujhe-tera-hi-sahara-bhajan/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw